हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री

पुसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सी-सेक्शन सिजेरियन डिलीवरी की हुई शुरुआत

4



## खबर संक्षेप

### 18 अक्टूबर तक कर सकते है आवेदन

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत जशपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिले के 8 जनपद प पंचायतों में प्लास्टिक प्रोसेसिंग इकाई का स्थापना किया गया है। जिसमें इच्छुक रिसाइकल्स,फर्म या थर्ड पार्टी द्वारा प्लास्टिक व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रोसेसिंग यूनिट में बेलिंग, फटाका, श्रेडींग या ग्राइडर,वजन मशीन व अन्य आवश्यक उपकरण का प्राथमिक चरण में प्राथमिकता पूर्वक संचालित करते हुए कार्य का क्रियान्वयन सह संचालन कर संपादित किया जाएगा। पीडब्ल्यूएम इकाई का क्रियान्वयन सह संचालन शासन या जिला द्वारा तय नियम व शर्तों के अधिन होगा। इस संबंध में इच्छुक रिसाइकलर्स या फर्म जिला पंचायत कार्यालय में 18 अक्टूबर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। जिला स्तर पर गठित समिति, कलेक्टर एवं अध्यक्ष द्वारा प्राप्त अनुमोदन उपरांत प्लास्टिक प्रोसेसिंग इकाई के संचालन हेतु रिसाइकलर्स या फर्म का चयन किया जाएगा।

### करमा देखने गए युवक की बाइक ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम कवलगिरी निवासी प्रकाश आ. कामेश्वर (42 वर्ष) ने उदयपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 27 सितंबर को पुत्र प्रदीप सिंह अपने दोस्त निलेश व रितेश के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएच 2569 से डांड़गांव में करमा नृत्य देखने गया था। करमा नृत्य देखने के पश्चात तीनों वापस घर आने के लिए बाइक लेने पहुंचे तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी।

### 11 से 13 अक्टूबर तक जशपुर में होगा छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट

# जिले में खेल संस्कृति विकसित करना है टूर्नामेंट का उद्देश्यः कलेक्टर

**जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप खेलों को नई ऊर्जा देने और छत्तीसगढ़ में खेल संस्कृति विकसित करने की पहल लगातार की जा रही है। इसी कड़ी में जशपुर जिले में छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन 11 से 13 अक्टूबर तक कराया जा रहा है।

भारत में शतरंज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। यह खेल हमारी प्राचीन संस्कृति और ज्ञान की गहराई को दर्शाता है। शतरंज की शुरुआत भारत में ही चतुरंग नाम के खेल से हुई थी। कालांतर में यह पूरे विश्व में फैला। आधुनिक रूप में आने के बाद आज विश्वभर में इसे चेस के नाम से जाना जाता है। भारत के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया हैं। विश्वनाथन आनंद ने पहली बार भारत को विश्व चैंपियन बनाकर शतरंज की दुनिया में एक नई पहचान दिलाई और वे पांच बार वर्ल्ड चैंपियन बने। उनके बाद कोनेरू हंपी, हरिका द्रोणावल्ली, अर्जुन एरिगैसी, आर. प्राज्ञनानंदा, , डी. गुकेश जैसे युवा खिलाड़ी भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर यह टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ के मार्गदर्शन और गाईडलाइन का पालन करते हुए कराया जा रहा है। उनका मानना है कि जशपुर में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जशपुर की प्रतिभाएं भी शतरंज के क्षेत्र में आगे आकर देश का नाम रोशन कर सकतीं हैं। कलेक्टर श्री व्यास ने छत्तीसगढ़ के सभी जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को जशपुर में आयोजित होने जा रहे इस टूर्नामेंट में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और जशपुर की प्राकृतिक वादियों का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया है। आयोजन समिति के सचिव और शेष पेज 4 पर

■ जिले में शतरंज को मिलेगी नई दिशा




**दो लाख 51 हजार के नकद पुरस्कारः** 38 विजेताओं को कुल 2 लाख 51 इक्यावन हजार रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी 38 विजेता प्रतिभागियों को प्रदान की जाएगी, साथ ही उन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सर्वप्रथम पंजीयन करने वाले 50 पुरुष और 30 महिला खिलाड़ियों को डॉरमेट्री आधारित निःशुल्क आवास उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों को रियायती दरों पर लॉज, होटल तथा टूर्नामेंट स्थल पर रियायती दर पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

**मार्गदर्शिका एवं पोस्टर जारीः** एसडीएम विश्वासराव मस्के के द्वारा आधिकारिक रूप से टूर्नामेंट की मार्गदर्शिका और पोस्टर जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिले के निवासी इस टूर्नामेंट में प्रवेश ले सकते हैं। जशपुर जिले के स्थायी निवासियों के लिए प्रवेश शुल्क 100 रु. और अन्य जिलों के निवासियों के लिए 500 रु. रखा गया है। प्रवेश की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर तक है। 6 अक्टूबर के बाद प्रवेश के लिए 250 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा। 9 अक्टूबर के बाद प्रवेश पुरी तरह बंद हो जाएगा। टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट चेस एसोसिएशन में वर्ष 2025-26 के लिए लागू शुल्क जमा कर सदस्यता लेनी होगी। जशपुर जिले के निवासियों के लिए 75 रुपए और अन्य जिले के निवासियों के लिए यह पंजीयन शुल्क 150 है।

## कुनकुरी-रनपुर मार्ग पर ईब नदी पर बनेगा उच्चस्तरीय पुल

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास ने नई रफ्तार पकड़ ली है। प्रदेश में बुनियादी ढांचे के निर्माण से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में लगातार ठोस पहल की जा रही है। सड़कों, पुलों और अन्य अधोसंरचनाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिससे आमजन को सुविधा मिल रही है।

ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा संस्थानों की पहुंच आसान हुई है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के निर्देश पर कुनकुरी -रनपुर मार्ग पर ईब नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुँच मार्ग का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा 120 मीटर लंबे इस पुल के निर्माण के लिए 4 करोड़ 86 लाख 74 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में यह कार्य निविदा स्तर पर है। यह मार्ग कुनकुरी विकासखंड को बगीचा तहसील मुख्यालय और सरगुजा जिले से जोड़ता है। ईब नदी पर बनी पुरानी पुलिया समय के साथ जर्जर हो चुकी थी और संकरी होने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था। बारिश के दिनों में पुलिया पर पानी बहने से आवाजाही और भी जोखिमपूर्ण हो जाती थी। नागरिक लंबे समय से नए पुल की मांग कर रहे थे। नए उच्चस्तरीय पुल के निर्माण से यातायात सुरक्षित व सुगम होगा।



■ 120 मीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए 4 करोड़ 86लाख रु. की मिली मंजूरी

## आदि कर्मयोगी अभियान को ग्राम पंचायतों में लोगों की मिल रहा है सहभागिता

**जशपुरनगर।** जिले में प्रारंभ हो रहे "आदि कर्मयोगी अभियान" को लेकर ग्राम सभाओं में व्यापक तैयारी और सहभागिता देखने को मिली है। इस अभियान के तहत जिले के सभी 417 ग्राम पंचायतों में विलेज एक्शन प्लान पारित किया जा रहा है, जिसमें हर ग्राम की अलग-अलग तारीख तय है। यह पहल सामुदायिक नेतृत्व और सहभागिता के साथ विकास की नयी दिशा तय कर रही है। आदि कर्मयोगी अभियान जशपुर में जिले के लोग स्वयं आगे बढ़कर विकास की योजनाओं में सहभागिता निभा रहे हैं। ग्रामसभा में किए गए ट्रांजेक्ट वॉक के माध्यम से ग्रामीणों ने अपने गाँव की ज़रूरतें, समस्याएँ और विकास की प्राथमिकताओं को प्रत्यक्ष तौर पर चिन्हित कर कार्ययोजना तैयार की है। इस अभियान में जिले के लगभग 4000 आदि साथी और 6000 आदि सहयोगी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे न सिर्फ़ ग्रामवासियों को अभियान से जोड़ रहे हैं बल्कि हर घर तक जागरूकता और भागीदारी का संदेश पहुँचा शेष पेज 4 पर



## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जशपुरिया जलवा

**जशपुर।** रायपुर में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल शांति भवन, जशपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 15 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने रोलर स्केटिंग और बास्केटबॉल में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व किया और दमदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 6 रजत और 4 कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

रोलर स्केटिंग में बालक वर्ग अंडर-19 में सुरजीत करकेट्टा ने 500 मीटर और 1000 मीटर रिंग रेस में स्वर्ण पदक हासिल किए, वहीं नैनीस एक्का ने दोनों स्पर्धाओं में रजत पदक जीते। इसी वर्ग में आरव कुजूर ने दो स्वर्ण पदक (500 व 1000 मीटर रिंग रेस) और देर्शील एक्का ने दो रजत पदक अपने नाम किए।बालक अंडर-17 वर्ग में सुमित कुजूर ने 500 मीटर रोड रेस में स्वर्ण, जबकि गज्जूस करकेट्टा ने 1000 मीटर रोड रेस में रजत पदक जीता। अंडर-14 वर्ग में सक्षम कुजूर ने 1000 मीटर रिंग रेस में कांस्य और चाल्स कुजूर ने 500 मीटर रोड रेस में कांस्य पदक जीता। बालिका वर्ग में भी शांति भवन की छात्राओं ने अपना लोहा मनवाया। अंडर-17 वर्ग में आस्टोरिया बागे ने 500 और 1000 मीटर रिंग रेस में रजत पदक जीते, जबकि समीक्षा ने 500 मीटर रिंग रेस में कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं, अंडर-14 बालिका वर्ग बास्केटबॉल में अंजली एक्का और दिव्यांशी खलखो ने सरगुजा संभाग टीम से खेलते हुए कांस्य पदक हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य ने इस उपलब्धि को छात्रों की कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता का नतीजा बताते हुए खिलाड़ियों, कोच सुनैना कुजूर और टीम मैनेजर फेड्रिंक कुजूर को बधाई दी।

■ सेंट जेवियर्स शांति भवन के खिलाड़ियों ने 15 पदक झटके





## खबर संक्षेप

### दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त हुए रितेश जायसवाल

**बिश्रामपुर।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की अनुशंसा पर नपं शिवनंदनपुर के शांतिनगर



निवासी भाजपा नेता रितेश जायसवाल को दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया है,नवनियुक्त दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य रितेश जायसवाल ने बताया कि संभाग में दूरसंचार सेवा और विस्तार से जुड़ी कार्ययोजना और क्रियान्वयन में सहयोगात्मक सलाह प्रदान करेंगे,समिति दूरसंचार नियामक से जुड़े अन्य मामलों में निगरानी भी करती है,उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 4 जी मोबाइल सेवा का शुभारंभ किया है,भारत संचार निगम लिमिटेड अपने हर उपभोक्ता को सबसे कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण मोबाइल सेवा उपलब्ध कराती है, समिति प्रयास करेगी कि यह सेवा निर्बाध रूप से जारी रहे और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### जगराता कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, भक्ति गीतों पर झूमे लोग



**डांड़गांव।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा शिव मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा के नव रूपों की प्रतिमा स्थापित की गई है। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही विधिवत पूजा-अर्चना का प्रारंभ हुआ, और हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर दर्शन एवं पूजा कर रहे हैं। सप्तमी तिथि के अवसर पर भव्य जगराता का आयोजन किया गया, जिसमें सुनील तिवारी ने अपनी प्रस्तुति दी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में लोगों का जनसैलाब उमड़ा और श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। पूजा समिति द्वारा सांस्कृतिक माहौल को और आकर्षक बनाने के लिए गरबा, डांडिया, सामान्य ज्ञान एवं अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। दशहरा के दिन रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** गुदरी बाजार की ओर जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सारंग बिहान अंतर्गत ग्राम घोघियाय निवासी राहुल कुमार आ. मुकेश कुमार (22 वर्ष) सरगवां आरटीओ कार्यालय समीप रहकर सेल्समैन का काम करता है। बुधवार की दोपहर बाइक क्रमांक सीजी 15 ईई 2949 से प्रतापपुर नाका से गुदरी बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 15 डीएफ 4797 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गया। पीड़ित बाइक सवार ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### गैस गोदाम से चोरों ने पार किया 66 नग गैस टंकी

**अम्बिकापुर।** ग्राम लिबरा स्थित गैस गोदाम का ताला तोड़ चोरों ने गोदाम से 66 नग गैस टंकी चोरी कर ले गए। घटना की रिपोर्ट गैस गोदाम संचालक ने दरिमा थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम लिबरा निवासी रामशरण सिंह आ. गुरू शरण सिंह भारत गैस एजेंसी का संचालन करता है। संचालक ने दरिमा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके लिबरा स्थित गैस गोदाम का ताला काटकर गोदाम में रखे 66 नग गैस टंकी को चोरों ने पार कर दिया। गैस एजेंसी संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### दुकान के सामने से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** मिशन चौक समीप दुकान में खरीदारी करने आए ग्रामीण की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। डिहल राम टेकाम आ. रामबिलास टेकाम मजदूरी का काम करता है। गत दिन सुबह बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएम 8418 मिशन चौक समीप मेगामार्ट में कपड़ा खरीदने गया था। बाइक को दुकान के सामने खड़ा कर खरीदारी करने चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) का अपराध दर्ज किया है।

## रसोई घर में संचालित है आंबा केन्द्र

# जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र भवन की तीस साल बाद भी नहीं हुई मरम्मत



रसोई में पढाई करते बच्चे।



जर्जर भवन का उखड़ा प्लास्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

गर्भवती माताओं व बच्चों को स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध हो तथा बच्चों को समय पर पोषण आहार के साथ उनकी पढ़ाई में रूचि बढ़े इसे लेकर नगर सहित गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर भवन का निर्माण कराया है जहां बच्चों को पढाई के साथ नियमित पोषण आहार मिल सके। हैरानी की बात यह है कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत चांचीडांड ढाबीपारा में लाखों की लागत से आंबा केन्द्र भवन का निर्माण कराया गया था लेकिन तीस साल के भीतर मरम्मत नहीं होने से भवन जर्जर हो गई। ऐसे में उन्नयन आंबा केन्द्र के नाम से नया भवन बनाया गया जो काफी छोटा है और रसोई घर में आंबा केंद्र संचालित है जिससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चाचीडांडा के ढाबीपारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र ऐसा केंद्र है जो मजह एक छोटे 8 बाई 10 के कमरे में संचालित है। हैरानी बात तो यह है कि जिस छोटे से भवन में आंबा केन्द्र संचालित है उसे कुछ साल पहले ही आंगनबाड़ी भवन के काफी जर्जर हो जाने पर बगल में उन्नयन आंगनबाड़ी के नाम से नया भवन बनाया था जो महज 8 बाई 10 को छोटा सा कमरा है। यहां करीब तीस बच्चे हैं और सभी को इसी छोटे से कमरे में बैठना पड़ता है। सबसे बड़ी बात है कि खाना बनाने के लिए कोई दूसरी जगह नहीं है और इसी कमरे में रसोई घर भी जहां 30 बच्चे पढ़ाई व भोजन करते है। बच्चों की गतिविधियां और खाना बनाने का काम एक साथ छोटे से कमरे में होता है। आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति कई वर्षों से यही है और स्टोर रूम के लिए भी उपयोग करते है। बच्चों का यहां आना एक औपचारिकता मात्र है क्योंकि इतनी जगह नहीं है कि कोई भी गतिविधि ठीक ढंग से हो सके, जो बच्चे जहां बैठते है,वहीं बैठे रह जाते है। इस स्थिति को लेकर यहां के ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन के लोगों का ध्यान कई बार आकृष्ट कराया है और नवीन आंगनबाड़ी भवन की मांग की लेकिन आज तक नए भवन का निर्माण नहीं हो सका। जिसका खामियाजा आंबा केन्द्र आने वाले बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

### 1996 में बना था आंगनबाड़ी भवन

आंगनबाड़ी केंद्र भवन 1996 में बना था। कई साल पहले ही भवन काफी जर्जर हो गई। छत गिरने की स्थिति में है ऐसे में बारिश के दिनों में छत से प्लास्टर गिरता है। दीवारों में दरार आ गई है और भवन की स्थिति काफी दयनीय है। भवन के जर्जर होने जाने पर आंबा केन्द्र का संचालन बंद कर दिया गया था। बताया जा रहा है कि पंचायत ने भी एक प्रस्ताव पारित कर भवन को कालातीत घोषित कर दिया है।

### बरसात में होती है परेशानी

ग्राम पंचायत चाचीडांडा के ढाबीपारा आंगनबाड़ी केन्द्र के एक छोटे से कमरे में संचालित होने से बच्चों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खास कर बरसात के मौसम में जब बारिश होती है तो छोटे से कमरे में बैठने से लेकर खेलने की तक की जगह नहीं होती। हैरानी की बात तो यह है कि गांव के आंगनबाड़ी भवन जर्जर हुए तीस साल हो गए लेकिन आज तक नए भवन के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की गई जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र एक छोटे से कमरे में संचालित है।

### अधिकारियों को कराया गया है अवगत

छोटे से कमरे में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है इसे लेकर अधिकारियों का अवगत कराया गया है। फिलहाल नए भवन के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं होने के कारण बच्चों को परेशानी हो रही है।

-संतोषी धुर्वे
प्रभारी महिला बाल विकास

## दुर्गा प्रतिमा का देवती नाला में किया गया विसर्जन, गढ़वतिया देवी धाम में पूरी नवरात्रि हुए विविध अनुष्ठान



**बिहारपुर।** नवरात्रि की 10 दिवसीय उपासना के बाद गुरूवार को देवी प्रतिमा एवं अखण्ड ज्योति कलशों को श्रद्धापूर्वक विसर्जित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी देवी का जयकारा लगाते हुए विसर्जन स्थल पर पहुंचे थे। चैत्र नवरात्र के अवसर पर गढ़वतिया देवी धान में दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई थी साथ ही अखण्ड मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित किए गए थे। इस दौरान पूरी नवरात्रि विधि-विधान से देवी की नियमित पूजा, आरती की गई। नवरात्रि में देवी की पूजा करने हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे थे। मूलभूत सुविधाओं की कमी के बावजूद श्रद्धालुओं ने धाम की कष्टसाध्य चढ़ाई पूरी कर उत्साहपूर्वक देवी की पूजा अर्चना में व्यस्त रहे। इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। समिति के सदस्यों के साथ ही दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भी एक-दूसरे की मदद की। बुधवार को हवन-पूजन एवं कन्या भोज के साथ नवरात्रि का समापन किया गया। इस क्रम में षष्ठी तिथि को समिति द्वारा जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें देवी के भजनों पर पूरी रात श्रद्धालु झूमते रहे। सप्तमी तिथि को धाम में रैली निकालकर 121 मीटर लम्बी चुनरी देवी को अर्पित की गई विजया दशमी के अवसर पर ढोल-नगाड़ों के साथ देवी प्रतिमा एवं अखण्ड मनोकामना दीपों को देवती नाला में श्रद्धापूर्वक विसर्जित किया गया। विसर्जन यात्रा में समिति के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई गई दुर्गा पूजा, पंडालों में कराया गया सामूहिक कन्या भोज

**करवां।** क्षेत्र में दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नौ दिन दिन तक पूजा अर्चना आरती एवं हवन पश्चात महानवमी के दिन पंडाल में सामूहिक कन्या भोज का आयोजन कर पूर्णाहुति किया गया। करवां यज्ञशाला प्रांगण में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व विजयादशमी के दिन 40 फीट ऊंचे रावण दहन का कार्यक्रम किया गया।



शारदीय नवरात्रि के अवसर पर श्री नव दुर्गा पूजा सेवा समिति द्वारा नौ दिनों तक मां दुर्गा के पूजा-पाठ, आरती जगराता, बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गरबा का आयोजन कराया गया। आयोजन समिति द्वारा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को नगद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। दुर्गा पंडाल में महानवमी के दिन वेद मंत्रों की गूंज और शंखनाद कर हवन का आयोजन किया गया। पुजारी सुशांत दुबे द्वारा वेद मंत्रों के साथ पूर्णाहुति अनुष्ठान को संपन्न कराया गया। पूर्णाहुति के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। नवरात्रि अनुष्ठान के समापन के बाद दशमी तिथि पर विजयादशमी का पर्व पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खराब मौसम के मद्देनजर इस वर्ष बरसात से किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे जिसे आधुनिक तकनीक से प्रज्ञा, संतोष व टीम के निर्देशन में 40 फीट ऊंचे वाटर प्रूफ रावण का निर्माण किया गया। रावण दहन से पूर्व आयोजन समिति एवं संत सनातन समाज द्वारा सनातनी परंपरा के अनुसार हनुमान मंदिर से रामलीला के प्रमुख पात्र राम लक्ष्मण हनुमान एवं वानर सेना के मुखोटे लगे बच्चों के साथ- साथ ग्रामीणों ने जय श्री राम नारे के साथ मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल तक शोभायात्रा निकाला गया। दशहरा मैदान में 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का भव्य आतिशबाजी कर दहन किया गया। दशहरा पर्व पर होने वाले कार्यक्रम में श्री राम- रावण युद्ध मंचन व भव्य आकाशीय आतिशबाजी को देखने सैकड़ों की संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष अमर साय राजवाड़े, उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष महेश कुशवाहा, सचिव प्रज्ञा कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, श्री राम कुशवाहा,फलेश्वर कुशवाहा, नरेश गुप्ता, रामेश्वर कुशवाहा, संजय कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, तेज प्रताप सिंह, दुर्गा साहू, सुनील कुशवाहा, रामनरेश कुशवाहा, मानिकचंद कुशवाहा, मृत्युंजय कुशवाहा, मधुसूदन कुशवाहा, रामजीत पासवान, मनोज कुशवाहा, जनार्दन कुशवाहा, टेकचंद कुशवाहा, राम सिंह, अजय, रवि कुशवाहा एवं सिध्दी विनायक समिति के सदस्य सक्रिय रहे।

### नगर समेत क्षेत्र में भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया गया दुर्गोत्सव

**सीतापुर।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर समेत क्षेत्र में पूरे भक्तिभाव एवं धूमधाम से दुर्गोत्सव मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र की आराध्य देवी मां मंगरेलगढ़ीन समेत नगर में स्थित महामाया मंदिर को बड़े आकर्षक तरीके से सजाया गया था। नवरात्र के नौ दिन तक माता के दरबार में भक्तों द्वारा हजारों की संख्या में मनोकामना के दीप जलाये गए इसके अलावा दुर्गा पंडाल जयस्तंभ चौक,मध्यनगरिय समिति गायत्री मंदिर एवं लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में माता का दरबार सजाया गया था जहां मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भक्तों द्वारा पूरे भक्तिभाव से उनकी पूजा अर्चना की जा रही थी। दुर्गापूजा के दौरान मुख्य चौक चौराहों समेत पूरे शहर को आकर्षक साज सज्जा के साथ सजाया गया था। पूरे नौ दिनों तक चलने वाले मां दुर्गा की पूजा अर्चना के दौरान पंडालों में भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान जयस्तंभ चौक दुर्गापूजा समिति मध्यनगरिय दुर्गापूजा समिति एवं लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम दुर्गापूजा समिति द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया था जिसमें नगर की मिश्रा बहनों समेत बाहर से आये कलाकारों ने जसगीत भक्तिगीत जगराता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।जहां देर रात तक श्रद्धालु भजन संध्या के दौरान प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमते नाचते भक्तिरस में डूबे रहे। नवरात्र में नौ दिनों तक चलने वाले शक्ति की उपासना के दौरान नगर समेत पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो उठा था। लोग शक्ति की भक्ति में पूरी तरह लीन हो गए थे। नवमी तिथि को पूजा अर्चना एवं हवन पूजन के बाद कन्याभोज के साथ नवरात्रि पर्व की पूर्णाहुति की गई। इस दिन सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जयस्तंभ चौक द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जहां काफी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।





## किसानों को दिया गया मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नेशनल हनी बोर्ड एवं हनी मिशन द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र सीतापुर मैनपाट में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष सिंह अधिष्ठाता राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इटालियन प्रजाति की मधुमक्खी अन्य प्रजाति की मधुमक्खी से ज्यादा शहद का उत्पादन देती है। इसके पालन से फसल उत्पादन में भी 10 से 20 प्रतिशत वृद्धि हो जाती है। मधुरस अपने औषधीय गुणों की वजह से स्वास्थ्य की दिशा में काफी लाभकारी साबित होती है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिवभरोष बेक सदस्य जिला पंचायत ने कहा कि मधुमक्खी पालन को एक व्यवसाय बनाकर किसान अच्छी खासी कमाई अर्जित कर सकता है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन क्षेत्र के किसानों के लिए एक नया अनुभव है। संस्था प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र डॉ राजेश चौकसे ने बताया कि कृषि उपज का 60 से 70 प्रतिशत पोलीनेशन मधुमक्खी के माध्यम से होता है। सरगुजा जिले में मधुमक्खी पालन की अपार संभावनाएं है क्योंकि यहाँ का माहौल मधुमक्खी पालन के अनुकूल है। डॉ. वीरेंद्र तिग्गा अधिष्ठाता उद्यानिकी कॉलेज ने बताया कि कृषक समन्वित कृषि प्रणाली अपनाकर मधुमक्खी पालन के जरिये आय प्राप्त कर सकते हैं। सभी प्रशिक्षणार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शमशेर आलम ने किया। इस दौरान कृषक प्रशिक्षण प्रभारी प्रदीप लकड़ा समेत कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे।



## त्यौहार के मद्देनजर शरारती तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

**सूरजपुर।** जिले में दुर्गा पूजा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए महिला रक्षा टीम सक्रिय है तो वहीं थाना-चौकी की पुलिसकर्मियों को सादे कपड़ों में तैनात किया है। ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

- महिला रक्षा टीम महिलाओं की सुरक्षा के लिए सक्रियता से कर रही पेट्रोलिंग

मंदिर की वेदी पर विराजमान हुईं दुर्गा माता के पूजन और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शहरी क्षेत्र में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए शरारती तत्वों पर नजर रखी जा रही है। शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए एसएसपी ने महिला रक्षा टीम एवं थाना के पुलिस जवानों को लगाया है। जो सभी पूजा पंडालों और व्यस्त जगहों पर भ्रमणशील रहते हुए शरारती तत्वों पर नजर रख रहे हैं। एसएसपी जिलेभर की प्रत्येक गतिविधियों की जानकारी ले रहे हैं। शहर के सभी दुर्गा पंडालों में महिला रक्षा टीम लगातार पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था में लगी हुई है।

## विजयादशमी पर बंगाली क्लब दुर्गा पंडाल में सिंदूर खेला की हुई पारंपरिक रस्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना और पूजा-अर्चना के बाद विजयादशमी के अवसर पर पूरे कोयलांचल और आसपास के इलाकों में कई पंडालों से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। इस दौरान मां की विदाई से पहले परंपरा के अनुसार बंगाली क्लब दुर्गा पंडाल में विशेष वेश भूषा के साथ महिलाओं ने सिंदूर खेला की रस्म निभाकर पूरे माहौल को आस्था व श्रद्धा से सराबोर कर दिया।

बंगाली समाज की महिलाएं इस मौके पर पारंपरिक परिधानों व गहनों से सजी-धजी हुई थीं,महिलाओं ने मां दुर्गा के चरणों में सिंदूर अर्पित कर घर-परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की, इसके बाद एक-दूसरे के गाल और माथे पर सिंदूर लगाकर एकजुटता का अद्भुत प्रतीक प्रस्तुत किया,बच्चों और युवतियों ने भी उत्साह से भागीदारी की। कई दुर्गा पंडालों से मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते समय ढोल-नगाड़ों, डीजे की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा, श्रद्धालु नाचते-गाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोग खड़े होकर पुष्पवर्षा कर मां को विदाई दिए,महिलाओं ने कहा कि सिंदूर खेला केवल धार्मिक रस्म नहीं बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है।

## संयुक्त दल का नदी में सर्च ऑपरेशन जारी

# खेलने निकला बालक हुआ लापता, नदी किनारे पत्थर पर मिले छात्र के कपड़े व चप्पल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर


ग्राम पंचायत कोरेया आमापारा में गुरुवार को उस समय चौथी कक्षा का एक छात्र रहस्यमय तरीके से लापता हो गया है,गौरतलब है कि ग्राम कोरेया आमापारा निवासी 9 वर्षीय कक्षा चौथी का छात्र आकाश राजवाड़े आ. अमेले राजवाड़े बुधवार की दोपहर करीब दो बजे अपने घर से खेलने की बात कहकर निकला था लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की पर कहीं सुराग नहीं मिला। गुरुवार की सुबह जब ग्रामीणों ने गांव के ही घुनघुट्टा नदी किनारे लापता छात्र का कपड़ा और चप्पल को पत्थर पर पड़ा देखा तो पूरे गांव में अनहोनी की आशंका फैल गई।

लोगों के मन में किसी दुर्घटना हो जाने का भय सता रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही जयनगर पुलिस और सूरजपुर की डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। सुबह से लेकर देर शाम तक नदी में सर्च ऑपरेशन जारी



रहा। गोताखोरों ने नदी की गहराई में कई बार डुबकी लगाई और नदी के किनारे-किनारे तलाश की गई साथ ही रस्सियों से नदी के बहाव को खंगाला गया लेकिन मासूम का कोई पता नहीं चल पाया है।

डीडीआरएफ के जवानों ने बताया कि नदी का बहाव इस समय बेहद तेज है और गहराई भी अधिक है जिससे तलाशी अभियान चुनौतीपूर्ण हो गया है। छात्र आकाश राजवाड़े की गुमशुदगी से परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। परिजन बार-बार बच्चे का नाम पुकारते हुए बेसुध हो जा रहे हैं। पूरा गांव गुरुवार को घटनास्थल पर उमड़ पड़ा और हर किसी की आंखें उम्मीदें रखी हुई हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जब तक बच्चा नहीं मिलता, खोज अभियान बंद नहीं होगा,आसपास के गांवों में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है ताकि किसी भी संभावित सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके,परिजनों की आंखें अब भी इस उम्मीद में टिकी हैं कि उनका बेटा सुरक्षित घर लौट आए।



# 31 अक्टूबर को रिलीज होगी मास जथारा

**मुंबई।** साउथ एक्टर रवि तेजा की आगामी फिल्म 'मास जथारा' की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। रवि तेजा ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी फिल्म 'मास जथारा' से अपना एक शानदार पोस्टर शेयर किया और साथ ही फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया। रवि तेजा ने कैप्शन में लिखा, 'मुझे पता है कि इंतजार लंबा हो गया है, लेकिन यह इसके लायक होगा। आइए, 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में 'मास जथारा' का जश्न मनाएं।' फिल्म में अभिनेता रवि तेजा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'मास जथारा' में रवि तेजा के साथ अभिनेत्री श्रीलीला मुख्य भूमिका में हैं।

## लाइफ Style

# प्रियंका

## एसईए इवेंट में सितारों ने बिखेरा जलवा

बुधवार को मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में हुए इवेंट में बॉलीवुड सितारों का मेला लग गया। प्रियंका चोपड़ा से लेकर तमन्ना भाटिया तक, कई सेलेब्स ने इवेंट में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। मायानगरी एक बार फिर बॉलीवुड और फैशन की चमक से जगमगा उठी जब ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस बुल्गारी के पहले भारतीय प्रदर्शनी कार्यक्रम में शिरकत करती नजर आईं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

यह आयोजन 'सर्पेंटी इन्फिनिटो एग्जीबिशन' के नाम से 1 अक्टूबर को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में हुआ। इस मौके पर प्रियंका के अलावा बी-टाउन के कई सेलेब्स दिखाई दिए। प्रियंका इस इवेंट में एक स्टनिंग व्हाइट गाउन पहनकर पहुंचीं। उनके गाउन का फॉर्म-फिटेड डिजाइन और ट्रेल पर शीयर डिटेलिंग ने उनके लुक को और निखार दिया। प्रियंका ने इस दौरान नीता अंबानी और ईशा अंबानी के साथ पोज दिए। इसके अलावा वो तृप्ति डिमरी के साथ भी तस्वीरें क्लिक कराती नजर आईं। इवेंट में प्रियंका चोपड़ा ने कई सितारों से मुलाकात की। उन्होंने तमन्ना भाटिया और त्रिप्ती डिमरी के साथ काफी गपशप की। तमन्ना ने भी इस दौरान मीडिया को पोज दिए और अपने स्टाइल स्टेटमेंट से सभी को प्रभावित किया। इस इवेंट में सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा और हुमा कुरैशी भी पहुंचीं। सारा ने ब्लू कलर का गाउन पहन रखा था। इसके अलावा हुमा कुरैशी भी इवेंट में काफी ग्लैमरस लुक में नजर आईं। वहीं इस इवेंट में एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने भी शिरकत की। इवेंट में चार चांद लगाने के लिए अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी नजर आईं। मृणाल ने ब्लैक कलर का गाउन पहन रखा था।



## हॉलीवुड मसाला





# ब्लडलाइन्स ओटीटी पर होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की सबसे चर्चित और रोमांचक फ्रेंचाइजी में से एक 'फाइनल डेस्टिनेशन: ब्लडलाइन्स' ओटीटी पर दर्शकों को डराने और रोमांचित करने के लिए तैयार है। जियोहॉटस्टार ने घोषणा की है कि 'फाइनल डेस्टिनेशन: ब्लडलाइन्स' 16 अक्टूबर से उनके प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगा। यह फिल्म न सिर्फ अंग्रेजी में, बल्कि तेलुगु, हिंदी और तमिल भाषाओं में भी उपलब्ध होगी। 'फाइनल डेस्टिनेशन: ब्लडलाइन्स' का निर्देशन जैक लिपोव्स्की और एडम स्टीन ने किया है, जिन्होंने इस हॉरर थ्रिलर को नया आयाम दिया है।



# जैंडेया को गर्लफ्रेंड कहा तो टॉम हॉलैंड ने टोका

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म स्पाइडर मैन फेम एक्टर टॉम हॉलैंड और एक्ट्रेस जैंडेया काफी समय से डेट कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इसी साल जनवरी में दोनों ने सगाई की है, जिसे अब तक पब्लिक नहीं किया है। इन्हीं बातों के बीच एक रिपोर्टर ने जैंडेया को टॉम की गर्लफ्रेंड कहकर पुकारा तो एक्टर ने उसे टोक दिया। साथ ही आगे जो जवाब एक्टर ने दिया, उससे रिपोर्टर भी हैरान हो गया। एक रिपोर्टर 'स्पाइडर-मैन: नो वे होम' के एक्टर टॉम का इंटरव्यू ले रहा था। एक इवेंट का जिक्र करते हुए उसने कहा, 'मैं अपनी बेटी को लेकर आया था और वो आपकी गर्लफ्रेंड जैंडेया से मिली। मैं उस दिन फादर ऑफ द ईयर बन गया।' रिपोर्टर की बात सुनकर टॉम ने कहा- 'मंगेतर।' टॉम की इस बात से पता चलता है कि वह और जैंडेया सगाई कर चुके हैं।



# घर में ही हैं मेरे सबसे बड़े ट्रोलर: आलिया

**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट बॉलीवुड के पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। दोनों एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का भी कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। हालांकि, आलिया ने खुलासा किया कि रणबीर उन्हें सबसे ज्यादा ट्रोल भी करते हैं। आलिया का कहना है कि रणबीर उन्हें सबसे ज्यादा चिढ़ाते हैं। साथ ही एक्ट्रेस ने रणबीर के साथ अपने रिश्ते और पति-पत्नी के बीच की बॉन्डिंग को लेकर भी बात की। आलिया भट्ट काजोल और ट्विंकल खन्ना के शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के नए एपिसोड में पहुंचीं। आलिया ने रणबीर के साथ अपने रिश्ते को फिल्मी रोमांस से कहीं बढ़कर बताया। उन्होंने कहा कि रणबीर और मेरी दोस्ती स्वाभाविक है। यह एक अच्छे दोस्त का रिश्ता था। बेशक मैंने उनसे शादी एक वजह से की।



# 20 साल से अटकी पड़ी फिल्म बैजू बावरा

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली, फिल्म इंडस्ट्री का वो नाम हैं, जिनके साथ काम करना हर एक्टर की हसरत होती है। भंसाली अपनी फिल्मों की कहानी से लेकर कास्टिंग और हर सीन पर बारीक मेहनत के लिए जाने जाते हैं। बॉलीवुड को खामोशी, देवदास, बाजीराव मस्तानी और पद्मावत जैसी फिल्म देने वाले भंसाली का एक ड्रीम प्रोजेक्ट बीते 20 साल से अटका पड़ा है। कभी इस फिल्म में वह सलमान खान और ऐश्वर्या को कास्ट करना चाहते थे। फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसके बाद खबर आई कि रणवीर सिंह के साथ यह फिल्म दोबारा शुरू होने वाली है। लेकिन, अब एक और नई रिपोर्ट आई है। चर्चा है कि भंसाली ने 'लव एंड वॉर' की शूटिंग के बीच अपने नए फेवरेट रणबीर कपूर को यह फिल्म 'बैजू बावरा' ऑफर कर दी है।

## टीवी मसाला



# शहबाज पर अभिषेक ने कसा तंज कैप्टेंसी टास्क में हुई बहसबाजी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में नया कैप्टन बनने के लिए एक टास्क प्रतियोगी कर रहे हैं। इस टास्क में शहबाज, बसीर अली, प्रणीत मोरे और अभिषेक बजात एक-दूसरे से बहसबाजी करते दिखे। खासकर अभिषेक बजाज ने शहबाज को काफी भला-बुरा कहा। बिग बॉस 19 के नए प्रोमो में कैप्टेंसी टास्क में बिग बॉस कहते हैं, 'डायनासोर छोटे डायनासोर को खा जाता है जब तक ये सलामत है आपके कैप्टन बनने का चांस भी बना रहेगा। ऐसे में सभी प्रतियोगी छोटे डायनासोर को बचाने की कोशिश करते हैं। इस दौरान एक-दूसरे पर तंज भी कसते हुए दिखते हैं। अभिषेक बजाज ने प्रोमो में शहबाज को कहा, 'तू कैप्टन तो नहीं बन सकता, क्योंकि सबका पालतू है और तेरा एक मालिक भी है।' इस बात को सुनकर शहबाज का चेहरा उतर गया। आगे प्रोमो में नजर आता है कि बसीर अली और प्रणीत मोरे भी आपस में बहसबाजी कर रहे हैं। बसीर ने प्रणीत को कहा, 'यहां से वैसे भी निकाल देंगे तुझको।' इस पर प्रणीत ने कहा, 'जितना जोर लगाना है लगा। मैं भी इधर हूं, तू भी इधर है।' हर हफ्ते बिग बॉस 19 में कोई ना कोई प्रतियोगी शो से बाहर होता है। पिछले हफ्ते आवेज दरबार घर से बाहर हुए। इस हफ्ते घर से बाहर जाने के लिए नीलम गिरी, अशनूर कौर, तान्या मित्तल, अमाल मलिक, जीशान कादरी, कुनिका सदानंद, नेहल चुडासमा और प्रणीत मोरे नॉमिनेट हुए हैं।

## नायरा के साथ हुई हैरान कर देने वाली घटना

**नई दिल्ली।** हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें चर्चित टीवी एक्ट्रेस नायरा बनर्जी डांस करती दिख रही हैं। उन्हें




दुर्गा पूजा में धुनुची नाच करते देखा गया, इसी दौरान उनके साथ हैरान कर देने वाली घटना हुई। हालांकि, पास में खड़े लोगों ने फौरने दौड़ उन्हें बचाने की कोशिश की। वीडियो में अभिनेत्री नायरा बनर्जी लाल साड़ी पहने दुर्गा पूजा के किसी कार्यक्रम में शामिल हुई हैं। वीडियो में उन्हें बंगाल के पारंपरिक डांस धुनुची को करते देखा जा रहा है, जिसमें वो एक मिट्टी के खास बर्तन को घुमाती हुई दिख रही हैं। एक्ट्रेस का हाथ अचानक फंस जाता है, जिस कारण वो असंतुलित हो जाती हैं। हालांकि, तुरंत पास खड़े फोटोग्राफर्स ने उन्हें संभाला और कोई भी दुर्घटना होने से पहले बचा लिया। मशहूर टीवी अभिनेत्री नायरा बनर्जी साउथ सिनेमा का भी बड़ा नाम हैं। उन्हें 'दिव्य दृष्टि' सीरीयल में देखा गया है। इसके अलावा अभिनेत्री 'वन नाइट स्टैंड' फिल्म में भी नजर आई हैं।

# हनुमान का किरदार निभा चुके हैं ये मशहूर सितारे

**नई दिल्ली।** हनुमान जी हिंदू धर्म में भगवान राम के सबसे बड़े भक्त और शक्तिशाली देवता हैं। उनकी कहानी रामायण में इतनी प्रेरणादायक है कि सिनेमा और टीवी पर कई सितारे उनके किरदार में नजर आ चुके हैं। वहीं, अब सनी देओल भी हनुमान के किरदार में नजर आएंगे।

**ऋषभ शेट्टी** : ऋषभ शेट्टी कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार हैं, जिन्होंने 'कांतारा' फिल्म से देशभर में नाम कमाया। अब वह 'कांतारा चैप्टर 2' में नजर आ रहे हैं। अब ऋषभ भगवान हनुमान के किरदार में नजर आने वाले हैं। ये फिल्म 'जय हनुमान' है, जिसका निर्देशन प्रशांत वर्मा कर रहे हैं। ये 'हनुमान' फिल्म का सीक्वल है। दिवाली 2024 से एक दिन पहले यानी 30 अक्टूबर को उनका फर्स्ट लुक रिलीज हुआ। इसमें वे गेरुआ वस्त्र पहने श्री राम की मूर्ति थामे दिखे। फैंस ने इसे देखकर कहा, 'परफेक्ट हनुमान'।

**देवदत्त नाग (या देवदत्त नागे)** : देवदत्त नाग मराठी सिनेमा के जाने-माने एक्टर हैं। 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'आदिपुरुष' में देवदत्त ने हनुमान का किरदार निभाया। फिल्म में प्रभास राम बने थे। हनुमान जयंती पर उनका लुक रिलीज हुआ, जिसमें वे ध्यानमग्न मुद्रा में दिखे। हालांकि, फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफलता नहीं मिली और कुछ विवाद भी हुए, लेकिन देवदत्त की एक्टिंग की तारीफ हुई। वे अपनी मस्कुलर बॉडी के लिए फेमस हैं।



**दारा सिंह** : दारा सिंह एक मशहूर पहलवान और एक्टर थे। वे 6 फुट 2 इंच लंबे और उनका वजन 127 किलो था। 1976 में फिल्म 'बजरंगबली' में उन्होंने हनुमान का रोल किया। फिर 1987 में रामानंद सागर के टीवी शो 'रामायण' में हनुमान बने, जो घर-घर में सुपरहिट हुआ। 60 साल की उम्र में भी उनकी बॉडी कमाल की थी। शूटिंग के दौरान मेकअप में 3-4 घंटे लगते थे, इसलिए वे 8-9 घंटे भूखे रहते।

**दानिश अख्तर सैफी** : दानिश अख्तर सैफी एक रेसलर से एक्टर बने। वे मुस्लिम हैं, लेकिन हनुमान के भक्त। 2015 के शो 'सिया के राम' में उन्होंने हनुमान का रोल किया। उनकी बॉडी 130 किलो की है और वे रोजाना 5 लीटर दूध पीते हैं। 'द ग्रेट खली' ने उन्हें ट्रेनिंग दी। वे 'परमावतार श्री कृष्ण' में भीम भी बने।

**निर्भय वाधवा** : निर्भय वाधवा ने 'महाभारत' में दुषासन से करियर शुरू किया। फिर 'संकट मोचन महाबली हनुमान' में हनुमान बने। 2024 के शो 'श्रीमद रामायण' में फिर हनुमान का रोल कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने कहा, 'हनुमान जी मुझे बार-बार चुनते हैं।' मुंबई में स्ट्रगल किया, जिम में हेल्पर बने।

**राज प्रेमी** : राज प्रेमी ने 1997 के शो 'जय हनुमान' में हनुमान का लीड रोल किया। संजय खान का प्रोडक्शन था। ये शो दूरदर्शन पर मंगलवार को आता था। राज पहले क्रिकेटर थे, फिर एक्टर बने। 'श्री कृष्ण' में शिशुपाल का किरदार भी निभाया। अब भोजपुरी फिल्मों में काम करते हैं।

# सिंदूर खेला के रंग में रंगी काजोल परिवार संग मां दुर्गा को दी विदाई

**मुंबई।** काजोल हर साल दुर्गा पूजा का आयोजन करती हैं। इस साल भी धूमधाम से दुर्गा पूजा काजोल और उनके परिवार ने मनाई। सोशल मीडिया पर उत्सव के आखिरी दिन की कुछ वीडियो वायरल हैं, जिसमें काजोल सिंदूर खेला खेलती नजर आईं। सोशल मीडिया पर काजोल द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा उत्सव की कुछ वीडियो वायरल हैं। वह उत्सव के आखिरी दिन सिंदूर खेला कार्यक्रम में मौजूद दिखीं।

बॉलीवुड के कई सेलेब्स और काजोल के परिवार के सदस्य भी इस उत्सव में दिखे। इस मौके पर बेटी न्यासा और बहन तनीषा के साथ काजोल का अलग ही अंदाज नजर आया। सिंदूर खेला, बंगाल की दुर्गा पूजा में एक खास तरह की कार्यक्रम होता है। इसमें सुहागिन महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाती हैं। काजोल ने भी रितुपर्णा सेन को सिंदूर लगाया। काजोल के चेहरे और मांग पर भी सिंदूर लगा दिखा। इस उत्सव के बाद मां दुर्गा को विदा किया जाता है और उत्सव समाप्त होता है। सिंदूर खेला से पहले बहन तनीषा के साथ काजोल बातें कर रही हैं,



अपनी बहन को खूब लाड़ कर रही हैं। वह तनीषा का माथा चुमती हैं। इसके बाद दोनों साथ में सेल्फी क्लिक करती हैं। बेटी न्यासा के साथ भी काजोल ने सेल्फी क्लिक करवाने के लिए अलग तरह से पोज दिए। काजोल की बेटी न्यासा देवगन का ट्रेडिशनल लुक दुर्गा पूजा के मौके पर देखने को मिला।

## हीरोइन की शादी, आने वाले थे पंडित नेहरू पर हो गई 34 महीने की जेल

# बवाल के बीच नजीर बना था ये हिंदू-मुसलमान विवाह

*नई दिल्ली। इस एक्ट्रेस को भारतीय सिनेमा की बेमिसाल शख्सियत के रूप में याद किया जाता है। साल 1912 में यूपी के सहारनपुर में एक पारंपरिक मुस्लिम परिवार में पैदा हुई इस एक्ट्रेस ने बगावत करके फिल्मी दुनिया में कदम रखे थे। यह पढ़ाई में काफी तेज थी, पर परिवार के लोग कम उम्र में ही शादी का दबाव डालने लगे। इस कारण इसे प्रिंसिपल ने 10वीं क्लास में तीन बार फेल कर दिया था। और जब इसने शादी की तो उस पर खूब बवाल मच गया। दरअसल, यह एक्ट्रेस मुस्लिम थी और भारत-पाकिस्तान के बंटवारे से पहले एक हिंदू लड़के से ब्याह रचा लिया। माहौल बिगड़ गया तो इसे भागना पड़ा। इसकी शादी में पंडित जवाहरलाल नेहरू शामिल होने वाले थे, पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। और जब देश को आजादी मिली तो यह रातभर सड़कों पर नाचती फिरी थी। इस एक्ट्रेस का जन्म भारतीय सिनेमा की शुरुआत होने से भी पहले हुए हुआ था और जब मौत हुई तो यह 102 साल की थी। यह एक्ट्रेस जब एक साल की थी तो ग्लूकोमा की वजह से आंखों की रोशनी चली गई थी। सबको लगा कि अब यह कभी ठीक नहीं हो पाएगी। काफी इलाज कराया गया और तब रोशनी वापस आ सकी। उसी दौरान मां का निधन हो गया। ऐसे में पिता ने इस एक्ट्रेस और बाकी बच्चों को खुद ही पाला।*



### अमिताभ कहते थे 100 साल की बच्ची


ये थीं एक्ट्रेस जोहरा सहगल, जो उम्र के आखिरी पड़ाव तक एक्टिंग करती रहीं और बेहद जिंदादिल थीं। अमिताभ बच्चन भी जोहरा सहगल को '100 साल की बच्ची' कहकर बुलाते थे। जोहरा एक ऐसे मुस्लिम परिवार से थीं, जिसमें रोजे रखना और पांच वक्त की नमाज अदा करना जरूरी था, पर जोहरा ने शुरुआत से ही विद्रोही किस्म का बर्ताव दिखाया। उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाने का फैसला किया।

### कम उम्र में शादी करवाना चाहते थे पिता

जोहरा सहगल जब पढ़ रही थीं तो खूब सारे नाटकों और डांस प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेती थीं। यहीं से उनका रुझान एक्टिंग और डांस की तरफ हो गया। लेकिन पिता को यह सब मंजूर नहीं था और वो उनकी शादी करवाना चाहते थे। हालांकि, माना के समझाने पर वह मान गए और उनके साथ यूरोप भेज दिया।

### 8 साल छोटे हिंदू लड़के से प्यार

जोहरा सहगल फिर उदय शंकर के साथ भारत लौट आईं और यहां पर उन्होंने उदय शंकर कल्चरल सेंटर में काम करना शुरू कर दिया। यहीं पर उनकी मुलाकात 8 साल छोटे कामेश्वर सहगल से हुई, जो वैज्ञानिक, पेंटर और एक डांसर थे। जोहरा ने जब पिता को बताया कि उन्हें कामेश्वर से प्यार हो गया है और शादी करना चाहती हैं तो खूब बवाल मचा था। इस बारे में जोहरा की परनातिन और एक्ट्रेस आयशा रजा मिश्रा ने कुछ साल पहले 'हॉटरफ्लाई' को बताया था।



### यूरोप जाकर सीखा बैले डांस, कई देशों में किया परफॉर्म

यूरोप में जोहरा सहगल बैले डांस स्कूल में एडमिशन लिया और बैले डांस में ट्रेनिंग हासिल की। उसी दौरान जोहरा सहगल की मुलाकात मशहूर डांसर और कोरियोग्राफर उदय शंकर से हुई। वह उनके डांस ट्रूप का हिस्सा बन गईं और कई देशों में परफॉर्म किया।

### बगावत कर शादी कर ली

खैर, जोहरा सहगल ने कामेश्वर सहगल से शादी कर ली और दोनों के परिवारों के बीच खूब बवाल मचा। हालांकि, उनकी शादी में जवाहरलाल नेहरू जरूर शामिल होने वाले थे। यह शादी 14 अगस्त 1942 में हुई थी, और उस वक्त 'भारत छोड़ो आंदोलन' चरम पर था। जवाहरलाल नेहरू ने जोहरा को शादी में फारसी कालीन उपहार में देने का वादा किया था, लेकिन 9 अगस्त 1942 को उन्हें अहमदनगर किले में गिरफ्तार कर लिया गया।। नेहरू की यह सबसे लंबी और आखिरी गिरफ्तारी थी। वह 34 महीने जेल में रहे थे। उन्हें फिर जनवरी 1945 में रिलीज किया गया था। वहीं, दंगों और डर के कारण, जोहरा की शादी में सिर्फ एक ही मेहमान शामिल हुआ।

## खबर संक्षेप

### मां बंजारी धाम में कन्या पूजा, महाभण्डारा संपन्न

**तमनार।** रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल में शारदीय क्वांर नवरात्र पर्व 70 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन, दुर्गानवमी में सामूहिक हवन पूजन, नवकन्याओं की पूजा अर्चना कर कन्या भोज, ब्राम्हण भोज के बाद महाभण्डारा प्रसाद खिलाया गया। नवमी महाभण्डारा 12 बजे शुभारम्भ कर शाम तक हजार भक्तजनों ने महाभण्डारा ग्रहण किया। शारदीय नवरात्र पर्व 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नवरात्र, दीप प्रज्वलन, नवदुर्गा सप्तशती, विधि विधान के साथ पूजापाठ नवमी को 5 कुण्ड में सामूहिक हवन पूजन में सैकड़ो माता बहनो भक्तजनों ने शामिल होकर आहुति दी गई। नवरात्र पर्व में जनप्रतिनिधियों, न्यायधीश, प्रशासनिक अधिकारी, सैकड़ो विशिष्ठ व्यक्तियों एवं हजारों लोगों ने मां बंजारी के चरणों में फल फूल अर्पित कर आशीर्वचन लिए। विशाल 3 दीप गृह में 3700 ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया था। मां बंजारी समिति द्वारा पार्किंग, पानी, पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन, प्रसाद भोग, हर दिन भोजन, महाभण्डारा की बेहतर व्यवस्था की गई।

### अहिंसा की विचारधारा को दबाया जा रहा : जिलाध्यक्ष

**सुंदरगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सुंदरगढ़ जिला कांग्रेस की ओर से पदयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शंकरा पारिजात पार्क चौक स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और शास्त्रीजी को भी नमन किया। पदयात्रा के उपरांत आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि कुछ विशेष समूह गांधी की शांति और अहिंसा की विचारधारा को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश को आज़ाद कराने वाले महात्मा गांधी की निंदा करना हास्यास्पद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तर पर भी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गांधी जयंती मनाई और गांधीजी के सिद्धांतों, आदर्शों और विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि गांधीजी के बताए रास्ते पर चलकर ही देश में सच्चे लोकतंत्र, न्याय और सामाजिक सद्भाव की स्थापना संभव है।

## पेज 1 का शेष

### जिले में खेल संस्कृति ...

जिला खेल अधिकारी समीर बड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर में ओपन टूर्नामेंट आयोजित हो रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। यह टूर्नामेंट जशपुर के बालाजी मंदिर के पास स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित होना है।

### आदि कर्मयोगी ...

रहे हैं। जशपुर ज़लि के कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने भी अभियान की प्रगति और प्रभावी संचालन के लिए सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि हर ग्रामसभा में पारित होने वाली योजना पारदर्शी हो और आमजन की प्राथमिकताओं को सर्वोच्च महत्व दिया जाए। जशपुर जिले के हर एक गाँव में ग्रामसभा का आयोजन उत्सव जैसा माहौल लिए हो रहा है। ग्रामीण उत्साह के साथ अपने विचार रख रहे हैं और कार्ययोजना बनाने में हाथ बँटा रहे हैं। यह प्रक्रिया न केवल शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास मज़बूत कर रही है बल्कि ग्रामीण समाज को अपनी समस्याओं और समाधानों का साझेदार भी बना रही है।

**जनभागीदारी से विकास की ओर**-आदि कर्मयोगी अभियान यह संदेश दे रहा है कि शासन की कोई भी योजना तभी सफल होगी जब उसे आम जनता का सहयोग और नेतृत्व मिले। ग्राम सभाओं में पारित विलेज एक्शन प्लान भविष्य की विकास यात्रा का रोडमैप बनेगा। जशपुर ज़लिा प्रशासन और ग्रामीण मिलकर जिस प्रकार इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं, वह आने वाले समय में एक आदर्श मॉडल सिद्ध होगा। यह पहल ग्रामीण विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी और स्थानीय लोगों को अपने गाँव की प्रगति के साथ जोड़ने का मज़बूत अवसर प्रदान करेगी।

---

### जिले में उपलब्ध डायलिसिस सुविधा से अधिक से अधिक लोगों को करें लाभान्वित: कलेक्टर

# जिले में संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए टीबी की जांच तीव्र करने एवं टीबी के पीड़ितों को निक्षय पोषण अभियान के तहत पोषक आहार प्रदान करने को कहा।

उन्होंने सिकलसेल, वक्ष कैंसर, ग्रीवा कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि रोगों की नियमित जांच संचालित कर सभी मरीजों से नियमित रूप से उसका फॉलो अप लेने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने जिले के बाहर होने वाले प्रसवों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव की व्यवस्था सुदृढ करते हुए लोगों को संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सास बहू सम्मेलन, एएनसी जांच, टीकाकरण समय पर करवाने एवं प्रत्येक गर्भवती महिला की जानकारी संधारित करने एवं उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा। इसके साथ ही नवजात बच्चे का जन्म के साथ रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित कैम्पों की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे लाभान्वित करने को कहा। उन्होंने जिले के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव एवं कुनकुरी में उपलब्ध डायलिसिस सुविधा का लाभ अधिक से अधिक लोगों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने डायलिसिस सुविधा के बारे में अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी का प्रसार करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों की गुणवत्ता स्व प्रमाणीकरण के लिए नेशनल क्वालिटी एससुरेन्स कार्यक्रम के तहत रजिस्ट्रेशन करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने आरबीएसके, कीमोथेरेपी सुविधा, एएनसी जांच, एनआरसी केंद्र आदि के कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, सीएमएचओ डॉ जीएस जात्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## यूपीएचसी रामभांठा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- कैंसर से बचाव एवं जाँच ईलाज के संबंध में दी गई विस्तार से जानकारी
- कार्यक्रम में 47 महिलाओं के गर्भाशय कैंसर की हुई जांच

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत गर्भाशय सर्वाइकल कैंसर की जांचए बचाव और जागरूकता हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो और श्रीमती लक्ष्मी पटेल उपस्थित रहीं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के दौरान कुल 47 महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर की जांच की गई। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी यदि प्रारंभिक अवस्था में पहचान ली जाए तो उसका इलाज संभव है और समय रहते जीवन की रक्षा की जा सकती है। विशेषज्ञ डॉ. काकोली पट्नायक ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती चरण में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते, लेकिन जैसे जैसे यह बढ़ता है असामान्य रक्तस्राव और दर्द जैसे लक्षण नजर आने लगते हैं। शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.सोनाली मेश्राम ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन सबसे प्रभावी उपाय है, जिसे 9 से 26 वर्ष की लड़कियों को देना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को नियमित रूप से पैप स्मीयर और एचपीवी डीएन टेस्ट करवाना चाहिए ताकि समय पर किसी भी संक्रमण या कैंसर की पहचान हो सके। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा आरएमएनसीएच के डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. प्रशांत धिरी सहित स्थानीय मितानिन कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मां बंजारी धाम में एनआर ग्रुप द्वारा प्रतीक्षा हाल का लोकार्पण

**तमनार।** प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल प्रवेश द्वार शिव मन्दिर के सामने नवनिर्मित प्रतीक्षा हॉल की फीता काटकर लोकार्पण, भव्य महाआरती, भजन संध्या के साथ सैकड़ों लोगों को भण्डारा ख़लिाया गया। सर्वप्रथम मां बंजारी मन्दिर में एनआर ग्रुप के चेयरमैन नन्दकिशोर अग्रवाल परिवार द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रतीक्षा हॉल का लोकार्पण किया गया। शिव मंदिर कार्यालय के समाने प्रतीक्षा हॉल नवनिर्माण से मन्दिर समिति, अतिथिगण, श्रद्धालुओं ने विश्राम के लिए उपयोगी साबित होगा। एनआर ग्रुप के विजय अग्रवाल ने मां बंजारी परिसर में प्रतीक्षा हॉल नवनिर्माण पर माँ



बंजारी की आशीर्वाद बताते भविष्य में भी अन्य निर्माण करने का संकल्प लिया। आशीष महमिया परिवार द्वारा भी कांच की कारीगरी दीवारों के जीर्णोद्वार के लिए 5 लाख रुपए सेवा अर्पण करने संकल्प लिया गया। बंजारी मंदिर समिति के सदस्य पंचराम मालाकार ने एनआर ग्रुप द्वारा प्रतीक्षा हॉल नवनिर्माण के लिए साधुवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान नन्दकिशोर अग्रवाल, विजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रंगबल्लभ मालाकार, घनश्याम मालाकार, पंचराम मालाकार, सरपंच अनन्त राम भगत, श्याम मालाकार, पितरु पटेल, दुलेंद्र पटेल अन्य सदस्यगणों की उपस्थिति रही।

## राउरकेला से उड़ानें बंद होना विकास की राह में बाधा : एनसीपी अध्यक्ष



- एनसीपी अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने जताया कड़ा विरोध, सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग

**राउरकेला।** राष्ट्रीयवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने राउरकेला हवाई अड्डे से उड़ानों के निलंबन पर कड़ा विरोध दर्ज किया है।

उन्होंने इसे पश्चिमी ओडिशा के विकास और आर्थिक प्रगति के लिए गंभीर बाधा बताते हुए राज्य और केंद्र सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग की। डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक नगरी राउरकेला से उड़ानों का बंद होना यात्रियों की असुविधा के साथ साथ व्यापार, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। एलायंस एयर द्वारा जुलाई से उड़ानों को निलंबित करने और अब इसे 25 अक्तूबर तक बढ़ाने का निर्णय सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि तकनीकी खराबी का बहाना बनाकर जनता को परेशान किया जा रहा है जबकि कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि राउरकेला कोलकाता और राउरकेला भुवनेश्वर जैसी महत्वपूर्ण उड़ानों का बंद होना क्षेत्रीय असमानता को और बढ़ाएगा। यदि उड़ानें शीघ्र बहाल नहीं हुईं, तो एनसीपी जन आंदोलन छेड़ेगी। डॉ. यादव ने अपील की कि ओडिशा सरकार नई गंतव्य नीति 2025 के तहत एयरलाइनों को प्रोत्साहन दे और राउरकेला की हवाई संपर्कता को सुदृढ़ करें, ताकि क्षेत्र का विकास बाधित न हो।

## गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जागृति यात्रा का आयोजन

**राउरकेला।** आज से 350 साल पहले हिंदू धर्म की रक्षा और कश्मीरी पंडितों पर मुगल बादशाह औरंगजेब के क्रूर हमलों का विरोध करने पर औरंगजेब ने दिल्ली के चांदनी चौक पर गुरु तेग बहादुर का सार्वजनिक रूप से सिर कलम कर दिया था। इस हृदयविदारक क्षण को याद करने और लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए गुरु तेग बहादुर की 350 वीं शहादत वर्षगांठ मनाई जा रही है।



इसी उपलक्ष्य में एक विशाल जुलूस जागृति यात्रा 17 सितंबर को बिहार के पटना से रवाना होकर 26 सितंबर को ओडिशा के बारीपदा पहुँची। ओडिशा सिख प्रतिनिधिमंडल द्वारा 26 से 30 सितंबर तक आयोजित यह पाँच दिवसीय यात्रा ओडिशा के विभिन्न शहरों का दौरा करेगी। हालाँकि आज दोपहर झारसुगुड़ा से निकलकर सुंदरगढ़ पहुँचने पर कई सिखों ने इसका दौरा किया। सुंदरगढ़ की पुलिस अधीक्षक अमृतपाल कौर भी इस जुलूस में शामिल हुईं और इसका दौरा किया। वहां एसपी अमृतपाल कौर को ओडिशा सिख प्रतिनिधि बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने सम्मानित किया। इसके बाद यह जगरानी यात्रा राजगांगपुर और कांसबहाल पहुंची। वहां संगत सेवा ने लंगर छका। इसके बाद शाम को यात्रा वेदब्यास पहुंची और वेदब्यास चौक में गुरु श्री गुरु तेग बहादुर के साहिब संस्थान द्वारा स्वागत किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय वहां पहुंचे और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर गुरमीत सिंह ने केंद्रीय मंत्री दिलीप राय का स्वागत किया। इस अवसर पर वेदब्यास गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष व संपादक, सिविल टाउनशिप गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष व संपादक सह बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसके बाद सिविल टाउनशिप गुरुद्वारा पहुंचने पर गुरुद्वारा गुरुश्री अर्जुन देवजी द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया कल, रेलवे स्टेशन स्थित गुरुद्वारे में यात्रा के पहुँचने पर वहाँ स्वागत समारोह और लंगर का आयोजन होगा। इसके बाद यात्रा बीरमित्रपुर और फिर झारखंड के रांची पहुँचेगी। श्रद्धालुओं ने गुरु के अटूट लंगर का उठाया प्रसाद स यह यात्रा चार राज्यों और 12 शहरों से गुजरते हुए लगभग 25 वाहनों और 125 श्रद्धालुओं के साथ यहां पहुची थी। इसका उद्देश्य गुरु साहिब का सार्वभौमिक संदेश सत्य, बलिदान और धार्मिक स्वतंत्रता को जन जन तक पहुँचाना था। श्रद्धालुओं का रात्रि विश्राम सिविल टाउनशिप गुरुद्वारा और अग्रसेन भवन में हुआ। अगले दिन 30 सितंबर को यात्रा ने दुख निवारण साहिब गुरु सिंह सभा और इस्पात गुरुद्वारा में ठहराव किया। दोपहर 1.30 बजे बिरमित्रपुर मार्ग से यात्रा रांची के लिए रवाना हो गई।

## हल्की बारिश के बाद सरकारी अस्पताल का मुख्य प्रवेश द्वार कचरे से पटा

**राउरकेला।** राउरकेला में हल्की बारिश होने के बाद भी सरकारी अस्पताल का मुख्य प्रवेश द्वार कचरे से जाम हो जाता है।

यह स्थिति इसलिए उत्पन्न होती है क्योंकि अस्पताल के सामने वाली नाले की जलनिकासी व्यवस्था में कचरा फंस जाता है, जिससे पानी भराव और रुकावट पैदा हो जाती है। राउरकेला महानगर निगम द्वारा जल निकासी की चित्र व्यवस्था में होने के कारण केवल राउरकेला सरकारी अस्पताल ही नहीं बल्कि ऐसे कई दर्जनों प्रतिष्ठान व संस्थान है जो इस जल जमाव वह उचित जल निकासी नहीं होने से परेशान है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से तुरंत उचित व आवश्यक कार्रवाई करने और नालों की सही ढंग से सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है ताकि ऐसी अस्वच्छ और असुविधाजनक स्थिति से बचा जा सके। बीते समय में उच्च लागत वाली सीवरेज बोर्ड द्वारा किए गए जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह नाकाम रही है।

### बनोरा में कराया गया नौ कन्या भोज



**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा की मुख्य शाखा बनोरा में शारदीय नवरात्रि में नवमी के दिन नौ कन्याओं भोजन कराया गया। इसके पश्चात आयोजित भंडारे में आस पास के ग्रामीणों सहित शहर के गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## सक्ती में डिप्टी सीएम का प्रथम आगमन 8 को

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव भारसाधक मंत्री लोक निर्माण विभाग ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरीय निकाय छत्तीसगढ़ शासन का जिला मुख्यालय सक्ती में 8 अक्टूबर को आगमन हो रहा है। सक्ती जिला प्रथम नगर आगमन पर जिला साहू संघ सक्ती की ओर से उनका भव्य स्वागत अभिनंदन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिला साहू संघ सक्ती के जिलाध्यक्ष एवं सक्ती के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने बताया कि इस दिन समाज के प्रतिभावान 10वीं, 12वीं ,स्नातक, स्नातकोत्तर,पास 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक ,मेडिकल ,इंजीनियरिंग , कृषि, वाणिज्य, ला के छात्रों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही नगर पालिका सक्ती के बुधवारी बाजार में अटल परिसर का लोकार्पण और अडभार में अटल परिसर का लोकार्पण इत्यादि कार्यक्रम शामिल है। समाज के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू ने अधिकाधिक संख्या में समाज के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल से स्थानीय स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रहा विस्तार

## पुसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सी-सेक्शन सिजेरियन डिलीवरी की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर में आज से सी सेक्शन सिजेरियन डिलीवरी और शल्य चिकित्सा सेवाओं की शुरुआत की गई। इस पहल से अब क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को सामान्य प्रसव के साथ साथ जटिल सिजेरियन ऑपरेशन सी सेक्शन की सुविधा भी स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी।



राज्य सरकार का उद्देश्य हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से लोगों को न केवल राहत मिलेगी, बल्कि इससे समय और धन की बचत भी होगी। पुसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इस नई स्वास्थ्य सेवा का उद्घाटन कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत की देखरेख में हुआ। इस दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा पटेल, डॉ. रजनी नायक और निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. दिनेश नायक की टीम ने ग्राम सूपा की गर्भवती श्रीमती तिलोत्तमा भारद्वाज का सफल सी सेक्शन प्रसव किया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि अब पुसौर विकासखंड की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए रायगढ़ जिला अस्पताल या अन्य निजी संस्थानों तक नहीं जाना पड़ेगा। इस सुविधा के मिलने से महिलाएं समय पर उपचार प्राप्त कर सकेंगी, जिससे उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य में सुधार होगा।इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. सुमित शैलेन्द्र मंडल, डॉ. केनन डेनियल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद नायक, आरएमसी, कंसल्टेंट डॉ. राजेश मिश्रा, बीपीएम नवीन शर्मा, श्रीमती उमा महंत और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

